नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपालः वर्ष 41 अंक 293, पृष्ठ 12)
भाद्रपक्ष, शुक्ल दशमी संवत् 2083
सोमवार, 21 सितम्बर 2026
कीमतः 3:00 रुपये

www.naidunialive.com
भोपाल संस्करण
भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

तापमान

भोपाल	23.0°	30.0°
इंदौर	23.0°	30.0°
जबलपुर	25.0°	30.0°
ग्वालियर	25.0°	32.0°
सागर	24.0°	31.0°

राजधानी... नीमच में जल्द शुरू होगा एयरपोर्ट, बनेगा...

खेल... एशियाई खेलः सुचिका तारियाल ने पदक पक्का किया...

व्यापार... वारेन बफे का मास्टरस्ट्रोक! खरबों की कंपनी...

देश-विदेश... 200 वर्ष पुराने रघुनाथ मंदिर का गौरवशाली ...

खास-खबरें

इमरान खान की बहन अलीमा गिरफ्तार

लाहौर, एजेंसीः पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की बहन अलीमा को रविवार को लाहौर स्थित उनके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। यह गिरफ्तारी ऐसे समय हुई है, जब पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) 27 सितंबर को इमरान खान की रिहाई की मांग को लेकर प्रदर्शन की तैयारी कर रही है। इससे एक दिन पहले अडियाला जेल में इमरान खान का चिकित्सकीय परीक्षण किया गया था। पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पीआईएमएस) के चिकित्सक की अगुआई में टीम ने उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया। इसमें रक्तचाप, कोलेस्ट्रॉल और आंखों की जांच शामिल थी। इमरान खान अगस्त 2023 से जेल में हैं।

महिलाओं के भेष में एटीएम काटकर चोरी

नईदुनिया ब्यूरो, करीमनगरः तेलंगाना के करीमनगर में शनिवार रात चोरों ने एसबीआई के दो एटीएम में चोरी की। चोरों ने दुर्शेड और थिम्मापुर क्षेत्र में एटीएम मशीनों को गैस कटर से काटकर अंदर रखी रकम निकाल ली। दोनों एटीएम राजीव राहदारी के किनारे स्थित थे। पुलिस के अनुसार, चोर महिलाओं के कपड़े पहनकर आए थे। रविवार मार्निंग वॉक पर निकले लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस ने दोनों स्थानों पर जांच शुरू कर दी। चोरी हुई रकम की जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

आईआईटी बॉम्बे के प्रोफेसर पर एफआईआर

नईदुनिया ब्यूरो, मुंबईः आईआईटी बॉम्बे के छात्र साहिल रविंद्र वाकोडे की आत्महत्या के मामले में प्रोफेसर सूर्यनारायण डल्ला के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। साहिल के पिता ने आरोप लगाया कि प्रोफेसर ने करीब तीन महीने तक बेटे को जातिसूचक गालियां दीं और प्रताड़ित किया। शिकायत में संस्थान के निदेशक, कुछ संकाय सदस्यों और वरिष्ठ अधिकारियों के नाम भी दिए गए हैं। पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने और एससी-एसटी अधिनियम की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है। जांच मुंबई अपराध शाखा कर रही है। साहिल 22 वर्षीय बीटेक छात्र था और 18 सितंबर को छात्रावास के कमरे में मृत मिला था।

नौ देशों के नागरिकों को किया सतर्क, ट्रम्प दौरा रद्द कर व्हाइट हाउस पहुँचे

ईरान-अमेरिका के बीच फिर युद्ध के आसार

वॉशिंगटन/तेहरान, एजेंसीः ईरान और अमेरिका के बीच एक बार फिर युद्ध के आसार नजर आ रहे हैं। अमेरिकी फाइजर जेट सक्रिय नजर आ रहे हैं। रूस टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी बी-1बी लांसर बमवर्षक विमान शनिवार रात ब्रिटेन के आरएएफ फेयरफोर्ड एयरबेस से मध्य-पूर्व की ओर रवाना हुआ। ईरान के प्रेस टीवी ने उत्तर-पूर्वी सीरिया के अल-हसकाह में खाराब अल-जिर एयरबेस के पास हवाई रक्षा गतिविधियों की जानकारी दी है। इधर, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कैंप डेविड का अपना दौरा एक दिन पहले समाप्त कर शनिवार शाम व्हाइट हाउस वापसी की। अमेरिका ने क्षेत्र में अपने दूतावासों और नागरिकों के लिए सुरक्षा अलर्ट जारी किया है। अमेरिकी विदेश विभाग ने इराक, बहरीन, ओमान, सऊदी अरब, ईरान, कतर, लेबनान, कुवैत और जॉर्डन में मौजूद अमेरिकी नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी है। नागरिकों से उड़ानों और हवाई अड्डों से जुड़ी ताजा जानकारी देखते रहने को कहा गया है।

ईरान की सात शर्तें

ईरान ने युद्ध समाप्त करने के लिए अमेरिका के सामने सात शर्तें रखी हैं। ईरान के सुरक्षा प्रमुख मोहसिन रेजाई के अनुसार, कतर ने मध्यस्थ के तौर पर ये शर्तें अमेरिका तक पहुंचाई हैं। इनमें सभी मोर्चों पर युद्ध रोकना, विदेशों में जमा ईरानी धन जारी करना और नौसैनिक नाकाबंदी खत्म करना शामिल है।

हूतियों ने रियाद पर बैलिस्टिक मिसाइल दागी

सऊदी अरब ने दावा किया कि हूतियों ने राजधानी रियाद पर बैलिस्टिक मिसाइल हमले का प्रयास किया, जिसे सऊदी सेना ने रास्ते में रोक दिया। हूती प्रवक्ता याह्या सरी ने सऊदी अरब पर बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलों तथा ड्रोन से हमला करने की बात कही।

दिल्ली-अबू धाबी विमान सेवा रद्द

दिल्ली से अबू धाबी जाने वाली एतिहाद एयरवेज की उड़ान तकनीकी खराबी के कारण अचानक रद्द कर दी गई। उड़ान रद्द होने से करीब 200 यात्री दिल्ली हवाईअड्डे पर फंस गए। यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा और उड़ान को लेकर उन्हें इंतजार करना पड़ा।

मॉस्को में ड्रोन हमले से दो की मौत

मॉस्को, एजेंसीः रूस में संसदीय चुनाव के आखिरी दिन रविवार को मॉस्को और आसपास के इलाकों में सैकड़ों ड्रोन से हमला किया गया। हमले में कम से कम दो लोगों की मौत हुई है। मृतकों में 44 वर्षीय महिला और एक बुजुर्ग व्यक्ति शामिल हैं। मेयर ने बताया कि शनिवार से रूस ने 1600 से अधिक ड्रोन मार गिराए हैं। इनमें करीब 450 ड्रोन मॉस्को की ओर बढ़ रहे थे। हमले के दौरान एक ड्रोन 21 मंजिला अपार्टमेंट से टकरा गया, जिससे इमारत में आग लग गई। इसके बाद करीब 400 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। इनमें 70 बच्चे भी शामिल थे।

उत्तर कोरिया ने दागी बैलिस्टिक मिसाइल

सोल, एजेंसीः उत्तर कोरिया ने रविवार को कोरियाई प्रायद्वीप के पूर्व में समुद्र की ओर बैलिस्टिक मिसाइल दागी। जापान के रक्षा मंत्रालय ने इसे संदिग्ध बैलिस्टिक मिसाइल बताया, जबकि दक्षिण कोरियाई सेना ने इसे अज्ञात प्रक्षेप्य कहा। जापानी अधिकारियों के अनुसार, मिसाइल समुद्र में गिरी और उसका गिरने का स्थान जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र से बाहर था। यह प्रक्षेपण अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान के हालिया सैन्य अभ्यासों के बाद हुआ है।



एशियाई खेलों के पहले दिन भारत को दो रजत पदक

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः 20वें एशियाई खेलों के पहले दिन भारत ने दो रजत पदक जीते। दोनों पदक 10 मीटर राइफल निशानेबाजी में आए। एलावेनिल वलारिवन ने महिलाओं की 10 मीटर राइफल व्यक्तिगत स्पर्धा में 252.4 अंक के साथ रजत पदक हासिल किया। जापान की हिनाता ताइची ने 253.0 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। एलावेनिल 0.6 अंक से स्वर्ण से चूक गईं।

इससे पहले भारतीय महिला टीम ने 1898.0 अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल कर रजत पदक जीता। टीम में एलावेनिल वलारिवन, सोनम मस्कर और विदारसा विनोद शामिल रहीं। इस तरह एलावेनिल ने पहले दिन टीम और व्यक्तिगत स्पर्धा में दो रजत पदक हासिल किए। मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स में सुचिका तरियाल ने महिलाओं की पारंपरिक श्रेणी के 60 किलोग्राम भार वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंचकर भारत का एक और पदक पक्का कर दिया। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में मंगोलिया की अल्तनचिमेग बैगलमा को 2-0 से हराया। मेडल तालिका में भारत 10वें स्थान पर है। चीन 11 स्वर्ण समेत 20 पदकों के साथ पहले स्थान पर है।

पीएम ने दी बधाई



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एशियाई खेल 2026 में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाली सोनम उत्तम मस्कर, एलावेनिल वलारिवन और विदरसा के विनोद को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि कड़ी मेहनत और टीमवर्क से शानदार परिणाम मिलते हैं। उन्होंने तीनों निशानेबाजों की उपलब्धि पर गर्व जताते हुए कहा कि उनकी सफलता आने वाले समय में कई एथलीटों को प्रेरित करेगी।

तांत्रिक गिरफ्तार, 50 अश्लील वीडियो मिले

छिपे कैमरे से रिकॉर्डिंग का आरोप, डार्क वेब पर वीडियो बेचने की जांच

नईदुनिया ब्यूरो, सेलमः तमिलनाडु के सेलम जिले में पुलिस ने महिलाओं और नाबालिग लड़कियों के कथित यौन शोषण के आरोप में 50 वर्षीय तांत्रिक विजयराजा को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी वाझापाड़ी के पास 'शनीश्वर' नाम से तंत्र-मंत्र केंद्र चलाता था। वह पूजा-पाठ और तंत्र-मंत्र के नाम पर महिलाओं और छात्राओं की कथित तौर पर छिपे कैमरे से रिकॉर्डिंग करता था। पुलिस को उसके पास से मिले लैपटॉप में महिलाओं और स्कूली छात्राओं के 50 से अधिक वीडियो मिले हैं। पुलिस के मुताबिक, कुछ महिलाओं को कथित तौर पर नशीला पदार्थ मिला पानी या प्रसाद देकर बेहोशी की हालत में वीडियो रिकॉर्ड किए गए। मामला तब सामने आया, जब विनायक चतुर्थी के लिए चंदा लेने पहुंची एक स्कूली छात्रा के साथ कथित छेड़छाड़ की कोशिश की गई। छात्रा ने परिवार को जानकारी दी, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले किया।

कार में जिंदा जला डॉक्टर

नईदुनिया ब्यूरो, सूर्यापेटः तेलंगाना के सूर्यापेट जिले में रविवार सुबह सड़क डिवाइडर से टकराने के बाद कार में आग लग गई। हादसे में कार चला रहे डॉक्टर के. जगदीश की जिंदा जलकर मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, हादसा सुबह करीब 7:15 बजे हैदराबाद-खम्मम हाईवे पर पिल्ललमारी फ्लाईओवर के पास हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ड्राइविंग सीट से जला हुआ शव बरामद किया। पुलिस ने टोल गेट की जानकारी और कार के अस्थायी पंजीकरण नंबर के आधार पर मृतक की पहचान की। जगदीश खम्मम जिले के एक अस्पताल में न्यूरोसर्जन थे और परिवार से मिलने हैदराबाद जा रहे थे।

गांधी सागर अभयारण्य में चीता राधा को छोड़ा

मुख्यमंत्री ने राधा अष्टमी पर किया नामकरण, अभयारण्य में दो नर और दो मादा चीते

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को नीमच-मंदसौर जिले के गांधी सागर वन्य अभयारण्य में मादा चीता राधा को छोड़ा। राधा अष्टमी के अवसर पर मुख्यमंत्री ने मादा चीता का नाम राधा रखा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में शुरू हुआ चीता प्रोजेक्ट सफलता के नए मानदंड स्थापित कर रहा है। मध्यप्रदेश में विलुप्त हो चुके वन्यजीवों के पुनर्स्थापन का कार्य भी जारी है। राधा के गांधी सागर पहुंचने के बाद अभयारण्य में चीतों की संख्या चार हो गई है। यहां पहले से दो नर चीते प्रभास और पावक तथा एक मादा चीता धीरा मौजूद हैं। अब अभयारण्य में दो नर और दो मादा चीते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में चीता परियोजना सफलतापूर्वक आगे बढ़ रही है। गांधी सागर को चीतों के लिए दूसरे प्रमुख आवास के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहां वन विभाग की टीम चीतों के स्वास्थ्य, व्यवहार और नए वातावरण में अनुकूलन की लगातार निगरानी करेगी। उन्होंने कहा कि चीतों की मौजूदगी से वन्यजीव संरक्षण के साथ पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार एवं आजीविका के अवसर भी सृजित होंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वन विभाग की पुस्तिका 'सेकंड होम ऑफ चीता-गांधी सागर वाइल्डलाइफ सेंचुरी' का विमोचन किया। कार्यक्रम में गरोठ विधायक चंदर सिंह सिसोदिया, मनासा विधायक अनिरुद्ध माधव मारू और मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव डॉ. समिता राजौरा मौजूद रहीं।

उत्तराखंड के 23 ग्लेशियर पीछे हटे, 34 वर्षों में 25.6 किमी बर्फ घटी

वैज्ञानिक समीक्षाः कुछ ग्लेशियरों के पीछे हटने की गति 88 मीटर प्रतिवर्ष तक

नईदुनिया ब्यूरो, देहरादूनः उत्तराखंड के भारतीय मध्य हिमालय में 23 प्रमुख ग्लेशियरों के तेजी से पीछे हटने की स्थिति सामने आई है। वैज्ञानिक समीक्षा के अनुसार, 1990 से 2024 के बीच इन ग्लेशियरों ने कुल 25,621 मीटर यानी करीब 25.6 किलोमीटर की बर्फ खोई है। यह समीक्षा देहरादून स्थित यूपीईएस और वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जियोलॉजी के शोधकर्ताओं ने प्रकाशित शोध, मैदानी सर्वेक्षण, उपग्रह तस्वीरों और अन्य उपलब्ध अध्ययनों के आधार पर की है। अध्ययन में ग्लेशियरों के पीछे हटने की औसत दर करीब 23.23 मीटर प्रतिवर्ष बताई गई है। हालांकि, समीक्षा की सारणी में यह औसत 24.63 मीटर प्रतिवर्ष दर्ज है। अध्ययन में अलग-अलग ग्लेशियरों के पीछे हटने की दर में काफी अंतर पाया गया है। टिहरी गढ़वाल का खातलिंग ग्लेशियर सबसे तेज पीछे हटने वाले ग्लेशियरों में शामिल है। 1965 से 2014 के दौरान इसकी औसत पीछे हटने की दर 88 मीटर प्रतिवर्ष रही और यह करीब 4.34 किलोमीटर पीछे हटा। पिंडारी ग्लेशियर में 2000 से 2018 के बीच 45.8 मीटर प्रतिवर्ष और मिलाम ग्लेशियर में 1972 से 2018 के बीच 37.8 मीटर प्रतिवर्ष की दर दर्ज की गई। अध्ययन के अनुसार, ग्लेशियरों के पीछे हटने की गति केवल तापमान पर निर्भर नहीं करती।

मिमिक्री पर भाजपा ने जताई आपत्ति

नईदुनिया ब्यूरो, नईदिल्ली: राहुल गांधी के इंदौर में आयोजित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मिमिक्री को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच विवाद शुरू हो गया है। कार्यक्रम में हास्य कलाकार पुलकित मणि ने प्रधानमंत्री की मिमिक्री की। भाजपा नेताओं ने इसे लेकर राहुल गांधी और कांग्रेस पर निशाना साधा। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस को हास्य कलाकारों और जोकरों की पार्टी बताया।

मणिपुर में हिंसक प्रदर्शन एनएच-2 के हिस्से खोदे

नईदुनिया ब्यूरो, इंफालः मणिपुर के कांगपोकपी जिले में छह ग्रामीणों को हिरासत में लिए जाने के विरोध में शनिवार रात हिंसक प्रदर्शन हुआ। मोटबुंग और आसपास के इलाकों में प्रदर्शनकारियों ने टायर जलाए और सरकारी वाहनों पर पथराव किया। प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षा बलों के वाहनों की आवाजाही रोकने के लिए इम्फाल-दीमापुर राष्ट्रीय राजमार्ग-2 के कुछ हिस्सों को भारी मशीनों से खोद दिया। अधिकारियों के अनुसार, प्रदर्शनकारियों का दावा था कि खोलेन गांव के छह ग्रामीणों को बिना कारण बताए हिरासत में लिया गया।

भीड़ को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षा बलों ने कई राउंड आंसू गैस के गोले छोड़े। प्रदर्शन के दौरान कुछ लोग घायल हुए और उन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया।

आईएसआई को सेना की लाइव जानकारी भेजने का आरोप

सिमयुक्त सीसीटीवी से जासूसी करते पकड़ाया

नईदुनिया ब्यूरो, श्रीनगरः जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में पुलिस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में 24 वर्षीय ट्रक चालक अमन को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने अपने घर के बाहर सिमयुक्त सीसीटीवी कैमरा लगाया था। कैमरे का रुख उस सड़क की ओर था, जिसका इस्तेमाल सुरक्षा बल अक्सर करते हैं। आरोप है कि कैमरे से मिलने वाली फुटेज आईएसआई से जुड़े लोगों को लाइव भेजी जाती थी। जांच के अनुसार, कैमरा लगाने के लिए आरोपी को 20 हजार रुपये दिए गए थे। यह रकम दुबई स्थित एक चैनल के माध्यम से भेजे जाने का आरोप है। पुलिस ने आरोपी के घर से सीसीटीवी कैमरे जब्त किए हैं। मामले की जांच में कथित जासूसी नेटवर्क के दायरे और इसमें शामिल अन्य लोगों का पता लगाया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, जम्मू-कश्मीर में आईएसआई से जुड़े नेटवर्क से संबंधित पिछले चार महीनों में यह दूसरा मामला सामने आया है।

फ्लाईओवर से नीचे गिरी बीएमडब्ल्यू तीन की मौत

नईदुनिया ब्यूरो, मुंबईः मुंबई के कोस्टल रोड पर रविवार सुबह करीब 5:20 बजे तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू फ्लाईओवर से करीब 75 फीट नीचे गिर गई। हादसे में कार सवार तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल है। चारों की उम्र 17 से 23 वर्ष के बीच थी। पुलिस के अनुसार, बीएमडब्ल्यू मरीन ड्राइव से हाजी अली की ओर जा रही थी। तेज रफ्तार के कारण चालक ने कार पर नियंत्रण खो दिया। इसके बाद कार डिवाइडर से टकराकर नीचे गिर गई। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

चिंता *ज्योफ्री हिंटन समेत कई विशेषज्ञों ने एआई के जोखिम बताए...*

एआई से इंसानों को संभावित खतरे की चेतावनी

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के तेजी से हो रहे विकास और बढ़ते इस्तेमाल को लेकर दुनिया भर में चिंता जताई जा रही है। एआई अब लोगों की नौकरियों और काम करने के तरीकों को प्रभावित कर रहा है। बड़ी कंपनियों में प्रवेश स्तर की कई नौकरियों में कमी को भी एआई के बढ़ते इस्तेमाल से जोड़ा जा रहा है। इससे विद्यार्थियों और नौकरीपेशा लोगों के बीच एआई को लेकर चिंता बढ़ी है।

एआई विशेषज्ञ ज्योफ्री हिंटन ने इसके संभावित खतरों को लेकर गंभीर चिंता जताई है। 2024 में भौतिकी का नोबेल पुरस्कार पाने वाले हिंटन का कहना है कि एआई के तेजी से बढ़ते खतरे को लेकर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। उनका मानना है कि एआई का खतरा काफी गंभीर हो सकता है। भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु के सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रतोष ने भी एआई के तेजी से हो रहे विकास को लेकर चिंता व्यक्त की है। उनका एक व्याख्यान वीडियो सामने आया है, जिसमें उन्होंने एआई से जुड़े घटनाक्रमों को लेकर अपनी चिंता बताई। सोशल मीडिया पर भी एआई के बढ़ते इस्तेमाल और संभावित खतरों को लेकर चर्चाएं हो रही हैं। ओपनएआई के एक पूर्व कर्मचारी जैकब कॉक्सन ने भी एआई के भविष्य को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि आने वाले 10 वर्षों में एआई इंसानों के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। उन्होंने एआई के कारण मानव अस्तित्व पर खतरे की 10 प्रतिशत संभावना का दावा किया।

वर्तमान में एआई का इस्तेमाल शिक्षा, चिकित्सा, डिजाइन, वास्तुकला और कई अन्य क्षेत्रों में किया जा रहा है। यह कई कामों को आसान बना रहा है, लेकिन इसके बढ़ते उपयोग के साथ संभावित जोखिमों को समझने की आवश्यकता भी सामने आई है। विशेषज्ञों के अनुसार, आने वाले समय में एआई इंसानों के लिए कितना लाभकारी या जोखिमपूर्ण साबित होगा, इसका स्पष्ट आकलन आगे के विकास पर निर्भर करेगा।